न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर, (खैरथल–तिजारा)

पीठासीन अधिकारी–सुरेश कुमार बलाई (R.A.S)

प्रार्थना पत्र संख्या	रजु दिनांक	निर्णय दिनांक
100 / 25	02 / 07 / 25	02 / 07 / 25

/ / उनवान / /

1. श्योराम पुत्र बुद्दा जाति जाट निवासी बडली तह0 मुण्डावर जिला खैरथल तिजारा राज0।
2. अमरसिंह पुत्र मूसला
3. मातादीन पुत्र मूसला जातियान जाट निवासी बडली तह0 मुण्डावर जिला खैरथल तिजारा राज0।

:–प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर श्रीमान तहसीलदार महोदय मुण्डावर, खैरथल–तिजारा।

:–अप्रार्थी

प्रार्थना–पत्र– अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

निर्णय दिनांक :–02.07.2025

आज यह पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र का सारतः रहा कि हाल आराजी खसरा न0 188 रकबा 0.05 है0, 189 रकबा 0.01 है0, 190 रकबा 1.05 है0 वाके ग्राम बडली तहसील मुण्डावर में स्थित है जो आराजी इस प्रार्थना–पत्र में में विवादित कहलाएगी। वर्तमान सैटलमेन्ट के दौरा राजस्व कर्मचारियो द्वारा गत 146 व 147 से हाल खसरा नम्बर 188, 189, 190 पैमूद किया गया है। गत खसरा नम्बर 146 व 147 एक साथ रहे है जिस आराजी का नक्शा सन् 1957 से सही रहा है तथा उक्त आराजी के तरफ पश्चिम में आराजी खसरा नम्बर 145 रही है जिसके हाल खसरा नम्बर 187 पैमूद हुये है तथा उक्त आराजी के तरफ पूर्व में खसरा नम्बर 153 व 154 रहे है, जिसके हाल खसरा नम्बर 200 व 201 से 2024 पैमूद हुय है। वर्तमान सैटमेन्ट के दौरान उक्त आराजीयात हाल खसरा नम्बर 188, 189, 190 का नक्शा कण्डनसलर बनाते हाल खसरा नम्बर 187 की पूर्वी डोल को मिन वादी की आराजी में दर्शित कर दिया, जबकी पूर्व में मिन प्रार्थीगण की आराजी की पश्चिम डोल गत खसरा नम्बर 145 में रही है तथा इसी प्रकार से खसरा नम्बर 200 व 201 से 204 की पश्चिम डोल को मिन वादी में दिखा गया है, इसलिए उक्त हाल आराजी की हल्का पटवारी से मौका की रिपोर्ट मंगवाया जाकर, उक्त आराजी के हाल नक्शा को दुरूस्त फरमाया जावें।

उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (खैरथल-तिजारा)

अतः अदालत श्रीमान के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र मिन प्रार्थी स्वीकार किया जाकर उपरोक्त आराजीयात के हाल नक्शा की हल्का हाल नक्शा दुरूस्त फरमाया जावें।

प्रकरण में तहसीलदार मुण्डावर से रिपोर्ट ली गई। रिपोर्ट मय दस्तावेज एवं मय अभिषंशा संलग्न पत्रावली है। प्रकरण को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया एवं मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार क्रमांक/भू.अ./2025/4015 दिनांक 09.06.2025 के द्वारा प्रकरण में पुराना नक्शा की ए बिन्दु की स्थिति वर्तमान नये नक्शे में बी बिन्दु पर दुरूस्ती चाहता है। श्रीमानजी शुद्व किया जाना उचित है।

प्रार्थना–पत्र के बाबत पत्रावली व रिपोर्ट तहसीलदार एवं प्रस्तुत दस्तावेजात के गहनता से अवलोकन किये जाने पर एवं उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण के प्रार्थना–पत्र को स्वीकार योग्य पाये जाने पर प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर हाल आराजी खसरा न0 188 रकबा 0.05 है0, 189 रकबा 0.01 है0, 190 रकबा 1.05 है0 वाके ग्राम बडली तहसील मुण्डावर के साबिक नक्शा व हाल नक्शा को मिलान करते हुए साबिक नक्शे के अनुसार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। जिस हेतु तहसीलदार मुण्डावर को उक्त निर्णय की प्रति के साथ अहकाम जारी हो।

यह निर्णय आज दिनांक **02.07.2025** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सुरे
उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (खैरथल–तिजारा)

(सुरेश कुमार बलाई)
उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर
(खैरथल–तिजारा), राज0

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) मुण्डावर जिला-खैरथल-तिजारा

क्रमांक/भू.अ./2025/ 4015 दिनांक 09/6/2025

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय,

मुण्डावर (खैरथल-तिजारा)

विषय :- नक्शा दुरुस्ती के सम्बन्ध में रिपोर्ट भिजवाने बाबत ।

प्रसंग :- श्रीमान का आदेश दिनांक 13/05/2025 के सन्दर्भ में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में निवेदन है कि ग्राम बड़ली के ख.नं.188, 189, 190 की दुरुस्ती के सम्बन्ध में श्रीमान जी द्वारा रिपोर्ट चाही गई है जिसकी पालना में हल्का पटवारी रानोठ एवं भू.अ. निरीक्षक ततारपुर से रिपोर्ट प्राप्त की गई जो संलग्न कर श्रीमान जी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है ।

संलग्नः-मूल पटवारी हल्का एवं भू.अ.निरीक्षक रिपोर्ट मय संलग्नक (कुल पृष्ठ 07)

तहसीलदार (भू०अ०)
मुण्डावर (खैरथल-तिजारा)

R.A.
निर्णय कर आदेश
लिखावें।
18/06/25